Rajasthan Patrika

EDII

September 14, 2021
Page No.4

महिला उद्यमिता कार्यक्रम का आयोजन

महिलाओं को योजनाओं और सब्सिडी के बारे में दी जानकारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

पाटण. पाटण जिले की समी तहसील के पंचायत सभागार में मिशन मंगलम योजना के तहत सोमवार को महिला उद्यमिता कार्यक्रम किया गया।

ये कार्यक्रम जिला विकास अधिकारी के दिशा निर्देश पर गुजरात महिला आर्थिक विकास निगम और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ईडीआईआई के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर अहमदाबाद ईडीआईआई कार्यकर्ता प्रवीण भाई ने ग्रामीण स्तर पर होने वाले व्यवसाय, बाजार सर्वेक्षण प्रशिक्षण, पूंजी निवेश और बैंक ऋण के साथ-साथ विभिन्न विभागों में उपलब्ध सब्सिडी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समी तहसील के सामाजिक कार्यकर्ता जनक व्यास ने महिला किस तरह व्यवसाय शुरू कर सकती है। व्यवसाय शुरू करने के लिए विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

वहीं रिलायंस फाउंडेशन की ओर से महिला मंडल एवं ग्राम विकास योजना पर मुद्रित पुस्तक का वितरण किया गया।